Adda247
GET IT ON Google Play

# UP SI Online Exam 19 Dec 2nd Shift

## भाग 1 सामान्य हिन्दी

1. बहुवचन का कौन-सा विकल्प अनुचित है?
(a) रितियाँ (b) विधियाँ (c) नीतियाँ (d) रीतियाँ

2. नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प गलत है?
(a) बादल__मेघ, वायु, समीर (b) युद्ध — रण, संग्राम, समर
(c) सहचर__संगी, साथी, दोस्त (d) मत्स्य—मछली, मीन, मकर

3. हिन्दी साहित्य अकादमी से पुरस्कृत रचना 'कल सुनना मुझे' किसकी कृति है?
(a) धूमिल (b) श्री लाल शुक्ल
(c) भीष्म साहनी (d) यशपाल

4. निम्नलिखित में से अशुद्ध वाक्य का चुनाव कीजिए।
(a) हमें किसी से कुछ नहीं कहना
(b) मुझे वही सामान लेना है
(c) कल तुमको कहाँ जाना है
(d) जिसे देखो, वह व्यस्त है

5. इनमें से कौन-सी रचना ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित नहीं है?
(a) यामा (b) चिदम्बरा
(c) बुनी हुई रस्सी (d) उर्वशी

6. पुजारी शब्द का स्त्रीलिंग दिए गए विकल्पों में से कौन-सा है?
(a) पुजारिन (b) पूजाराइन (c) पूजारिन (d) पूजारीन

7. गुण के विपरीत नाम– इसके अर्थ को दर्शाती उपयुक्त लोकोक्ति का चयन कीजिए।
(a) आँख का अन्धा नाम नयनसुख
(b) आँख के अन्धे गाँठ के पूरे
(c) अन्धों में काना राजा
(d) अपना हाथ जगन्नाथ

8. नृप नीचे दिए गए विकल्पों में से किस शब्द का समानार्थी शब्द है?
(a) भूदेव, महादेव (b) नलिन, राजीव
(c) भूप, महीप (d) त्रिलोचन, रूद्र

9. बूँद-बूँद तें घट भरे.........। सही विकल्प का चयन करके लोकोक्ति पूरी कीजिए।
(a) टपकत रीतो होय (b) घट भरे सो टपकत जाय
(c) घट भरे सो खाली होय (d) घट रितो होय

10. उत्साह वास्तव में ......... और ......... की मिली-जुली अनुभूति है।
दिए गए विकल्पों में से रिक्त स्थानों के लिए सही का चयन करके प्रस्तुत वाक्य पूर्ण कीजिए।
(a) कर्म, फल (b) कर्म, कर्तव्य
(c) फल, कर्म (d) धर्म, अधर्म

11. निम्नलिखित से विभक्ति सम्बन्ध त्रुटि वाला वाक्य पहचानिए।
(a) रामा घर को जाती हैं (b) राधा बाजार जाती है
(c) राधिका पुस्तक पढ़ रही है (d) राम घर जाता है

12. इनमें से कौन-सा विकल्प असंगत है?
(a) हरि + याली (b) अभि + यान
(c) उप + हार (d) पत्थर + ईला

13. प्रत्येक ......... सिखाता है कि आपस में ......... से रहो।
दिए गए विकल्पों में से रिक्त स्थानों के लिए सही का चयन करके प्रस्तुत वाक्य पूर्ण कीजिए।
(a) धर्म, भाई-चारे (b) व्यक्ति, स्वार्थ
(c) समाज, मित्रता (d) व्यक्ति, मिलजुल

14. मुंशी प्रेमचन्द्र किस पत्रिका के सम्पादक रहे हैं?
(a) प्रताप (b) हंस (c) सरस्वती (d) सुधा वर्षा

15. इनमें से नागार्जुन द्वारा रचित कौन-सी नहीं है?
(a) उस जनपद का कवि हूँ (b) बादलों को घिरते देखा है
(c) तुमने कहा था (d) पुरानी जूतियों का कोरस

16. निम्नलिखित विकल्पों में सन्देह अलंकार का उदाहरण कौन-सा विकल्प है?
(a) मानो घर-घर ना हो, कोई चिड़ियाघर हो
(b) एक रम्य उपवन था, नन्दन वन सा सुन्दर
(c) यह काया है या शेष उसी की छाया
(d) रति सम रमणीय मूर्ति राधा की

17. आधे-अधूरे किस विधा की रचना है?
(a) नाटक (b) एकांकी (c) कहानी (d) उपन्यास

18. पिछले दो दिनों से पड़ रही ठण्ड और शीतलहर से .........जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। दिए गए विकल्पों में से सही का चयन करके वाक्य पूर्ण कीजिए।
(a) व्यक्ति (b) जन (c) व्यक्तिगत (d) लोक

19. पूर्ववर्ती का विलोम शब्द दिए गए विकल्पों में से कौन-सा है?
(a) पूर्वज (b) परव्रत (c) पूर्वव्रत (d) परवर्ती

20. माँ ने पिताजी से सामान मँगवाया। यहाँ क्रिया का कौन-सा रूप है।
(a) अकर्मक क्रिया (b) आज्ञार्थक क्रिया
(c) द्विकर्मक क्रिया (d) प्रेरणार्थक क्रिया

21. जिसका दमन न किया जा सके, वह .........कहलाता है। दिए गए विकल्पों में सही का चयन करके वाक्य पूर्ण कीजिए।
(a) कृतज्ञ (b) अदम्य (c) दम्य (d) दामिनी

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

1,00,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

25,000+ Previous Year Papers

500% Refund

IBPS

NABARD

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247 GET IT ON Google Play



**22. दादी ने ढेर सारे खिलौने खरीदे। इस वाक्य में प्रयुक्त विशेषण कौन-सा है?**
(a) अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण
(b) अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण
(c) गुणवाचक विशेषण
(d) निश्चित परिमाणवाचक विशेषण

**23. गायिका शब्द का बहुवन ......... है।**
(a) गायक (b) गायिकाएँ
(c) गायीकाएँ (d) गायिकाओं

**24. उन्होंने अपने ज्ञान को स्वयं तक .........नहीं रखा बल्कि ज्ञान को चाणक्य नीति में लिखकर ......... आने वाली पीढ़ियों को भी दिया। दिए गए विकल्पों में से रिक्त स्थानों के लिए सही का चयन करके प्रस्तुत वाक्य पूर्ण कीजिए।**
(a) सीमति, भविष्य में
(b) छुपा, आगे की
(c) सीमित, अपनी
(d) नियत, अपने

**25. दिए गए विकल्पों में से उत्कंठा के समानार्थी शब्द कौन-से हैं?**
(a) कौतुहल, कौतुक (b) हर्ष, प्रमोद
(c) उत्सुकता, अभिलाषा (d) विराम, विलम्ब

**26. एक मुलाकात कहानी की कथाकार कौन हैं?**
(a) अलका सरावगी (b) कृष्णा सोबती
(c) दीप्ति खण्डेलवार (d) उषा राज

**27. बघेली बोली किस क्षेत्र में बोली जाती है?**
(a) सिलिगुरी (b) रांची
(c) जोधपुर (d) जबलपुर

**28. पुल्लिंग परिवर्तन का सही विकल्प चुनिए।**
(a) साम्राज्ञी-सम्राट (b) रानी-राज
(c) कवयित्री-कवी (d) ठकुराइन-ठाकुर

**29. मिठाई शब्द किस शब्द का एकवचन है?**
(a) मीठे (b) मिठाई
(c) मिठईयाँ (d) मिठाइयाँ

**30. संस्कृत भाषा के शब्द जिनकी हिन्दी भाषा में प्रयोग करने पर रूप परिवर्तित नहीं होता वे .........शब्द कहलाते हैं।**
(a) तत्सम (b) सरल
(c) तद्भव (d) कठिन

**31. उषा उदास आती है। इसमें किस अलंकार का प्रयोग हुआ है?**
(a) उपमा (b) मानवीकरण
(c) यमक (d) विभावना

**32. अनुचित विकल्प का जोड़ा कौन-सा है?**
(a) अनुराग-विराग (b) कटु-मधुर
(c) उन्नत-उन्नति (d) अल्पज्ञ-बहुज्ञ

**निर्देश** (प्र.सं. 33-35) : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

बचपन का नाम नरेन्द्रनाथ था। ज्ञान, विज्ञान और तर्कशक्ति से सम्पन्न युवक। श्री रामकृष्ण परमहंस के शिष्य विवेकानन्द। कर्मठ, साहसी, जुझारू एवं ओजस्वी युग पुरुष। धर्म के पुनर्जागरण का बीड़ा उठाकर जब विवेकानन्द ने सर्वधर्म सम्मेलन में शिकागो में भाषण दिया तो समस्त जनता मन्त्रमुग्ध हो गई। उन्होंने दावा किया कि वेदान्त दर्शन ही सर्वोच्च दर्शन हैं। उन्नीसवीं सदी के अन्त तक जो लड़ाई धर्म के क्षेत्र में लड़ी जा रही थी कालान्तर में उसने स्वदेशी आन्दोलन का रूप धारण कर लिया। 1908 से गुप्त क्रान्ति के जो संगठन बने, उनकी मुख्य प्रेरणा भी विवेकानन्द की शिक्षाएँ थीं। विवेकानन्द ने भारत के उत्थान में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

**33. बीडा उठाना, इस मुहावरे का क्या अर्थ है?**
(a) सँभाल लेना (b) पूरा करना
(c) संकल्प करना (d) सोच लेना

**34. किस लड़ाई ने स्वदेशी आन्दोलन का रूप धारणा कर लिया था?**
(a) सुधार की (b) स्वदेश की
(c) धर्म की (d) पुनर्जागरण की

**35. मन्त्रमुग्ध के स्थान पर किस शब्द का प्रयोग हो सकता है?**
(a) प्रेरित (b) अचम्भित
(c) मोहित (d) तृप्त

**36. निम्न में से भ्रांतिमान अलंकार का उदाहरण कौन-सा है?**
(a) ये हैं सरस ओस की बूँदे या हैं मंजुल मोती
(b) एक रम्य उपवन था नन्दनवन सा सुन्दर
(c) वह दीपशिखा-सी शान्त भाव में लीन
(d) ओस बिन्दु चुग रही हंसिनी मोती उनको जान

**37. अपने कठिन परिश्रम से व्यापार में लोग अपनी जड़ जमा लेते हैं। रेखांकित मुहावरे का क्या अर्थ है?**
(a) आस जगाना (b) स्थिति डाँवाडोल करना
(c) स्थिति हिला देना (d) स्थिति मजबूत करना

**38. तब तो बहता समय शिला-सा जग जायेगा। इस पंक्ति में किस अलंकार का प्रयोग हुआ है?**
(a) श्लेष (b) रूपक
(c) उपमा (d) यमक

**39. छात्र स्कूल गए थे। इस वाक्य में भूतकाल का कौन-सा रूप है?**
(a) पूर्ण भूतकाल (b) अपूर्ण भूतकाल
(c) सामान्य भूतकाल (d) संदिग्ध भूतकाल

**40. तीन में और न तेरह में इस मुहावरे का अर्थ क्या है?**
(a) अनावश्यक (b) बुरा
(c) तुच्छ (d) महत्त्वहीन

## भाग 2 मूलविधि एवं संविधान/सामान्य अध्ययन

**41. संसद के किसी भी अधिनियम को कानून की मान्यता नहीं दी जा सकती, यदि वह संविधान की मौलिक संरचना का उल्लंघन करता है। किस ऐतिहासिक मामले में उच्चतम न्यायालय ने यह बात कही थी?**
(a) कॉमन कॉज बनाम भारत संघ
(b) भारतीय रिजर्व बैंक बनाम जयंतीलाल मिस्त्री
(c) मेनका गाँधी बनाम भारत संघ
(d) केशवानन्द भारती बनाम केरल राज्य

**42. अफगानिस्तान के ट्रांसपोर्ट नेटवर्क को कितनी वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए भारत सहमत हुआ है?**
(a) $ 3.87 बिलियन (b) $ 2.87 मिलियन
(c) $ 3.87 मिलियन (d) $ 2.87 बिलियन

Adda247 GET IT ON Google Play



**43. निम्नलिखित में से कौन-सा विषय राज्य सूची के अन्तर्गत आता है?**
(a) बीमा
(b) न्याय, चिकित्सा और अन्य आजीविका
(c) पथकर
(d) रोजगार और बेरोजगारी

**44. राज्य के विधि-निर्माण अधिकारों के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**
A. संसद राज्य सूची के विषयों पर भी कानून बना सकता है, अगर दो या अधिक राज्यों के विधान मण्डल इस निष्कर्ष पर पहुँचे, कि संसद विधिपूर्वक उन राज्यों से सम्बन्धित राज्य सूची के विषयों पर कानून बना सकता है।
B. संसद द्वारा पारित कोई भी अधिनियम, ऐसे राज्यों तथा अन्य कोई भी राज्य जो इस प्रकार के संकल्प पारित करता है, पर लागू होगा।
C. संसद के पास ऐसे अधिनियमों को संशोधित अथवा निरस्त करने का अधिकार भी है।
(a) A, B और C (b) A और C
(c) A और B (d) केवल A

**45. उपाधियों का अंत संविधान में ……… के अन्तर्गत प्रतिष्ठापित है।**
(a) सांस्कृतिक एवं शैक्षिक अधिकार
(b) समानता का अधिकार
(c) स्वतन्त्रता का अधिकार
(d) शोषण के विरुद्ध अधिकार

**46. निम्नलिखित में से कौन-सा एक यौन संचारित रोग नहीं है?**
(a) क्लैमाइडिया
(b) प्रमेह (गोनोरिया)
(c) टाईफस
(d) यकृतशोथ ख (हेपेटाइटिस बी)

**47. भारत ने अपना ऐतिहासिक 500वाँ टेस्ट मैच किस देश के विरुद्ध खेला था?**
(a) वेस्टइंडीज (b) ऑस्ट्रेलिया
(c) न्यूजीलैंड (d) इंग्लैंड

**48. ……… एक सॉफ्टवेयर रोबॉट है जो स्वचालित कार्यों की एक लम्बी सूची अपने आप निष्पादित करता है।**
(a) मैट्रिक्स (b) बॉट (c) डीपवेब (d) इण्डेक्सर

**49. कालाकोट थर्मल पावर स्टेशन किस भारतीय राज्य में स्थित है?**
(a) झारखण्ड (b) बिहार
(c) गुजरात (d) जम्मू और कश्मीर

**50. छत्रपति शिवाजी किस मराठा घराने से सम्बन्धित हैं?**
(a) होल्कर (b) गायकवाड़ (c) सिंधिया (d) भोंसले

**51. फण्ड (निधियाँ) जो विशेष रूप से सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश होते हैं वे क्या कहलाते हैं?**
(a) कर बचत (टैक्स सेविंग) फण्ड
(b) इण्डेक्स फण्ड
(c) बेलेण्ट फण्ड
(d) गिल्ट फण्ड

**52. भारत की अग्राणी तहकीकात सम्बन्धी पुलिस संस्था कौन-सी है?**
(a) अपराध जाँच विभाग (सीआईडी)
(b) अनुसंधान और विश्लेषण स्कंध (रॉ)
(c) केन्द्रीय जाँच ब्यूरो (सीबीआई)
(d) केन्द्रीय सकर्तता आयोग (सीवीसी)

**53. खाद्य तेल निम्नलिखित में से किससे निकाला जाता है?**
(a) भाँग (b) कपास (c) राई (d) रतनजोत

**54. प्रदूषण नियन्त्रण के लिए देश का शीर्ष संगठन ……… है।**
(a) पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन विभाग
(b) पर्यावरण प्रदूषण नियन्त्रण प्राधिकरण
(c) केन्द्रीय प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड
(d) प्रदूषण नियन्त्रण योजना कक्ष

**55. किसी प्रकार की तबाही के बाद वे जंगल जो दुबरा उग जाते हैं उनको ……… कहा जाता है।**
(a) प्राचीन वन (b) खुला वन (c) बन्द वन (d) द्वितीयक वन

**56. 30 नवम्बर, 2017 को संयुक्त खूफिया समिति (जेआईसी) के प्रमुख कौन थे?**
(a) दिनेश्वर शर्मा (b) आर० एन० रवि
(c) राजिन्दर खन्ना (d) अजीत डोभाल

**57. संविधान के अनुसार इनमें से कौन-सी, भारत की राष्ट्रीय भाषा है?**
(a) भारत की कोई राष्ट्रीय भाषा नहीं है
(b) हिन्दी और अंग्रेजी
(c) हिन्दी
(d) अंग्रेजी

**58. ……… ने वनवासी अनुसूचित जनजातियों (एफडीएसटी) के वन अधिकारों को मान्यता दी और एफडीएसटी लोगों को वन भूमि पर अधिकार दिलाया।**
(a) वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम
(b) पर्यावरण संरक्षण अधिनियम
(c) प्रतिपूरक वनीकरण कोष अधिनियम
(d) वन (संरक्षण) अधिनियम

**59. अगर कोई पत्र-याचिका जनहित याचिका के रूप में दायर होती है, तो इसके लिए ……… के द्वारा आदेश पारित होने चाहिए।**
(a) सहायक मजिस्ट्रेट (b) अपर-रजिस्ट्रार
(c) मजिस्ट्रेट (d) रजिस्ट्रार

**60. कार्यकरण नियमों के अनुसार, हस्ताक्षर और सम्पुष्टि से पहले, सभी अन्तर्राष्ट्रीय समझौतों और सन्धियों (सिवाय उनके जिन्हें विनिर्दिष्ट रूप से छूट प्राप्त है) को ……… की आवश्यकता होती है।**
(a) मन्त्रिमण्डल सचिव से अनुमोदन
(b) मन्त्रिमण्डल का अनुमोदन (c) राष्ट्रपति का अनुमोदन
(d) भारत के मुख्य न्यायाधीश का अनुमोदन

**61. निम्नलिखित में से कौन-सी सही है?**
A. अखिल भारतीय सेवाओं के सदस्यों का चयन एवं प्रशिक्षण केन्द्र सरकार करती है।
B. लोक सेवक भारत सरकार के कर्मचारी हैं तथा सरकार के समस्त कर्मचारी लोक सेवक है।
(a) A और B दोनों (b) केवल A
(c) केवल B (d) A और B दोनों ही नहीं

**62. ……… एक रूपक है जो ऐसी न्याय-वितरण सभाओं के लिए इस्तेमाल किया जाता है, जो कानून अथवा न्याय के आदर्शों की कोई परवाह नहीं करती और जिसका आधिकारिक महत्त्व उस प्रदेश में, जहाँ वह स्थित है, न के बराबर होता है अथवा बिल्कुल नहीं होता।**

Adda247 GET IT ON Google Play



(a) पंचायत (b) कंगारू कोर्ट
(c) वैकल्पिक न्यायालय (d) ग्रामीण न्यायालय

**63. निम्नलिखित में से कौन-से पारिभाषिक शब्द आयकर से सम्बन्धित नहीं हैं?**
(a) कर कटौती और संकलन खात संख्या (टीएएन)
(b) छुट्टी यात्रख भत्ता (एलटीए)
(c) महँगाई भत्ता (डीए)
(d) करदाता पहचान संख्या (टीआईएन)

**64. राज्य और केन्द्रशासित प्रदेशों की सूची भारत के संविधान की ……… अनुसूची में उल्लिखित है।**
(a) दूसरी (b) चौथी (c) तीसरी (d) पहली

**65. निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य नीति के निदेशक सिद्धान्तों में उल्लेखित नहीं था?**
A. काम पाने का अधिकार
B. कार्यस्थल पर उचित एवं मानवीय परिवेश तथा मातृत्व सहायता का प्रावधान
(a) A और B दोनों (b) केवल A
(c) केवल B (d) A और B दोनों ही नहीं

**66. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 266 (1) के अन्तर्गत ……… का गठन किया गया था। सरकार को प्राप्त राजस्व और सरकार द्वारा किया गया व्यय, इसका हिस्सा है।**
(a) भारत की आकस्मिकता निधि
(b) भारत की लोक निधि
(c) भारत की समेकित निधि
(d) वार्षिक वित्तीय निधि

**67. भारत का संविधान, संविधान सभा द्वारा प्रारूपित किया गया था और 16 मई, 1946 को कैबिनेट मिशन प्लान के अन्तर्गत इसे कार्यान्वित किया गया। संविधान-सभा के सदस्यों का चयन, प्रादेशिक असेम्बलियों द्वारा आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के एकल, हस्तांतरणीय-मत द्वारा किया गया था। उस समय संविधान सभा के सदस्यों की कुल संख्या ……… थी।**
(a) 296 (b) 389
(c) 375 (d) 292

**68. ……… प्रश्न काल के दौरान पूछा जाने वाला एक प्रकार का प्रश्न है। सदन में इसका मौखिक उत्तर नहीं माँगा जाता और इस पर तत्पश्चात् कोई भी अनुपूरक प्रश्न नहीं पूछे जा सकते।**
(a) अतारांकित प्रश्न
(b) तारांकित प्रश्न
(c) गैर-सरकारी सदस्य को सम्बोधित प्रश्न
(d) अल्प सूचना प्रश्न

**69. इस यातायात संकेत का अर्थ क्या है?**



(a) साइकिल चलाने की जगह
(b) मोटर गाड़ियों का आना मना है
(c) मार्ग केवल साइकिल चालकों के लिए
(d) साइकिल चलाना मना है

**70. दक्षिण भारत के मालाबार क्षेत्र में किस वर्ष में मोपला विद्रोह हुआ था?**
(a) 1919 (b) 1109
(c) 1921 (d) 1934

**71. निम्नलिखित में से कौन-सी सूचना, सूचनाधिकार अधिनियम के अन्तर्गत उपर्युक्त लोकसूचना अधिकारी से माँगी जा सकती है?**
A. कोई कॉलेज अथवा पाठ्यक्रम, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा अनुमोदित है या नहीं।
B. संसद/विधायक निधि का इस्तेमाल तथा ग्राम पंचायतों के व्यय का विवरण।
(a) A और B दोनों (b) केवल B
(c) A और B दोनों ही नहीं (d) केवल A

**72. एक कार्य को रदद कर फिर पूर्व स्थिति प्राप्त करने के लिए एमएस वर्ड में किस शॉर्टकट की का उपयोग किया जाता है?**
(a) CTRL + Z (b) CTRL + Y
(c) CTRL + K (d) CTRL + W

**73. भारत में निजी सुरक्षा एजेंसियों के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश सीमा क्या है?**
(a) 51% (b) 100%
(c) 49% (d) 74%

**74. राज्य के राज्यपाल विधानपरिषद् में कुछ ऐसे सदस्य को नियुक्त कर सकते हैं जिन्हें कुछ विशेष क्षेत्रों में विशेष ज्ञान अथवा व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हैं, जैसे–**
A. विज्ञान
B. साहित्य
C. कला
D. सहकारी आन्दोलन
(a) A और B (b) B और C
(c) A, B और C (d) A, B, C और D

**75. प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के ऋण किसकी ओर संकेत करते हैं?**
(a) लघु उद्योग, कृषि, छोटे कारोबार आदि को दिए जा रहे ऋण
(b) वाणिज्यिक क्षेत्र को दिए जा रहे ऋण
(c) सॉफ्टवेयर उद्योग को दिए जा रहे ऋण
(d) सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को दिए जा रहे ऋण

**76. किस महाद्वीप में कोई ठण्डा मौसम नहीं है?**
(a) अफ्रीका (b) दक्षिण अमेरिका
(c) ऑस्ट्रेलिया (d) एशिया

**77. राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष तथा प्रत्येक सदस्य का अधिकतम कार्यकाल……… साल का होता है?**
(a) 3 वर्ष (b) 2 वर्ष (c) 4 वर्ष (d) 5 वर्ष

**78. दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 2(*x*) के अनुसार वारंट मामला वह होता है जो एक ऐसे अपराध से सम्बन्धित है जिसकी सजा मृत्युदण्ड, आजीवन कारावास अथवा ……… वर्षों से अधिक अवधि का कारावास हो सकता है।**
(a) दस (b) दो (c) तीन (d) सात

**79. अंकुरण के दौरान जल्दी पुष्पण की प्रक्रिया को प्रेरित करने के लिए बीज के द्रुतशीतन उपचार की प्रक्रिया को कौन-सी प्रक्रिया कहा जाता है?**
(a) प्रकाश अवधि-प्रभाव (फोटोपेरियोड्रीइमा)
(b) अनिषेकजनन (पार्थिनोजेनिसिस)
(c) बीज प्रशीतन (वर्नालाइझेशन)
(d) स्टेम कोशिका या मूल कोशिका पालन (स्टेम सेल कलचर)

Adda247
GET IT ON Google Play



**80. किसी भी राज्य में राष्ट्रपति शासन के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है**

A. राष्ट्रपति शासन किसी भी समय राष्ट्रपति द्वारा वापिस लिया जा सकता है।

B. राष्ट्रपति शासन के खण्डन के लिए संसद का अनुमोदन अनिवार्य नहीं है।

(a) केवल A (b) A और B दोनों
(c) केवल B (d) A और B दोनों ही नहीं

## भाग 3 संख्यात्मक एवं मानसिक योग्यता परीक्षण

**81. कलाम और वेंकट की उम्र का अनुपात क्रमशः 8 : 7 है। 20 वर्षों के बाद, उनकी उम्रों का अनुपात क्रमशः 13 : 12 होगा। उनकी उम्रों के बीच का अन्तर क्या है?**

(a) 12 वर्ष (b) 4 वर्ष (c) 8 वर्ष (d) 24 वर्ष

**82. मान लें $A$ और $B$ एक ही व्यापक समुच्चय में दो समुच्चय हैं। तो, $A - B =$**

(a) $A \cap B$ (b) केवल B (c) केवल A (d) $A' \cap B$

**83. 10 व्यक्तियों की औसत आयु में 3 वर्ष की वृद्धि होती है जब उनमें से दो लोगों के स्थान पर जिनकी आयु 23 और 25 वर्ष है, दो नए लोग आते हैं। दो नए लोगों की औसत आयु कितनी होगी?**


(a) 23 वर्ष (b) 40 वर्ष (c) 39 वर्ष (d) 37 वर्ष

**84. 6% का कितना प्रतिशत 5% है?**

(a) 75% (b) 66.66% (c) 60% (d) 83.33%

**निर्देश** (प्र. सं. 85-87) : निम्नलिखित चित्र को देखें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

निम्न स्तम्भ अम्ल टाइटन, सोनाटा, टाइमेक्स, फॉसिल इन चार कम्पनियों के राजस्व को लाख (रुपये में) दर्शाता है।




**85. दी गई अवधि के लिए टाइटन और फॉसिल के औसत राजस्व के बीच क्या अन्तर है?**

(a) 400 (b) 600 (c) 500 (d) 700

**86. 2009-2010 और 2010-2011 के बीच सभी कम्पनियों के औसत राजस्व के बीच प्रतिशत परिवर्तन क्या है?**

(a) 15.06% (b) 13.09% (c) 18.07% (d) 11.67%

**87. दो वर्षों के बीच कौन-सी कम्पनी राजस्व में दूसरे न्यूनतम प्रतिशत परिवर्तन को दर्शाती है?**

(a) टाइटन (b) टाइमेक्स
(c) सोनाटा (d) फॉसिल

**88. अर्जुन ₹ 8000 मूल्य का एक मोबाइल खरीदता है। वह अग्रिम राशि के रूप में ₹3500 का भुगतान करता है और बाकी भुगतान 18 महीने बाद करता है, जिस पर उसे 8% प्रति वर्ष की दर से साधारण ब्याज देना है। मोबाइल फोन के लिए उसके द्वारा अदा की गयी कुल राशि ज्ञात करे।**

(a) ₹8540 (b) ₹9260 (c) ₹9410 (d) ₹8720

**89. अगर मार्च 2012 का पहला दिन रविवार था, तो 2012 के मार्च और अप्रैल महीनों में कितने मंगलवार होंगे?**

(a) 9 (b) 10 (c) 8 (d) 7

**90. 0 से 9 तक की संख्याओं को इस्तेमाल करके, यदि किसी भी अंक को दोहराया ना जाए, तो 5 अंकों की कितनी संख्याएँ बनाई जा सकती हैं?**

(a) 27216 (b) 24192 (c) 30618 (d) 15120

**91. अगर एक साईकिल का पहिया 1 किमी चलने में 500 बार घूमता है, तो इसकी त्रिज्या क्या है?**

(a) 3.17 सेमी (b) 31.8 सेमी
(c) 0.317 सेमी (d) 317 सेमी

**92. नल $A$ एक टैंक को 40 घण्टों में भर सकता है और नल $B$ उसी टैंक को 50 घण्टों में। टैंक को भरने के लिए दोनों नलों को एक साथ खोला जाता है। कितनी देर बाद नल $A$ को बन्द कर दिया जाएगा ताकि टैंक 25 घण्टों में भर जाए।**

(a) 12 घण्टे (b) 25 घण्टे
(c) 15 घण्टे (d) 20 घण्टे

**93. 5 अवलोकनों का मध्यमान 3 है और भिन्नता 2 है अगर पाँच में से तीन अवलोकन 1, 3, 5 हैं तो बाकी दो ज्ञात करें।**

(a) 3, 2 (b) $3+\sqrt{3}, 3-\sqrt{3}$
(c) 2, 4 (d) 2, 3

**94. 2356987 में संख्या 5 के स्थानक मान और अंकित मान में क्या अन्तर है?**

(a) 4995 (b) 49990 (c) 4990 (d) 49995

**95. $a$ सेमी भुजा के एक घन और $a$ सेमी वर्ग आधार के एक पिरामिड की ऊँचाई $a$ सेमी है। उनके आयतन का अनुपात ज्ञात करें।**

(a) 1 : 3 (b) 3 : 1 (c) 2 : 3 (d) 3 : 2

**96. दो संख्याओं के लघुत्तम समापवर्त्य और महत्तम समापवर्तक का गुणनफल 540 है। अगर उनमें से एक संख्या 60 है। दूसरी संख्या ज्ञात करें।**

(a) 54 (b) 60 (c) 1 (d) 9

**97. शराब और पानी के 50 लीटर घोल में, जिसमें 40% शराब है, 10 लीटर शराब मिलाई जाती है। अन्तिम मिश्रण में पानी का प्रतिशत ज्ञात करें।**

(a) 60% (b) 40% (c) 55% (d) 50%

**98. आम के रस से भरे एक बर्तन से 8 लीटर निकाल कर उसमें पानी भर दिया गया। यह कार्यवाही तीन बार और की जाती है। बर्तन में बचे आम के रस की मात्रा का अनुपात कुल घोल की तुलना में 16 : 81 है। आरम्भ में बर्तन में कितना आम का रस था?**

(a) 25 लीटर (b) 36 लीटर
(c) 30 लीटर (d) 24 लीटर

Adda247
GET IT ON Google Play



**99.** 100 मीटर लम्बे और 80 मीटर चौड़े फर्श को इस प्रकार ढकने के लिए समान लम्बाई की कम से कम कितनी वर्गाकार टाइल्स की आवश्यकता होगी कि टाइल का कोई भाग बर्बाद न हो?
(a) 15 (b) 20 (c) 30 (d) 25

**100.** गणना में प्रतिशत त्रुटि क्या है, अगर तृषा एक संख्या $N$ को 32 * 1/2 की बायज 32 * 1/3 से गुणा करती है?
(a) 66.66% (b) 45.55%
(c) 33.33% (d) 55.55%

**101.** कुछ निश्चित वर्षों में ₹5000 की राशि चक्रवृद्धि ब्याज पर ₹45000 हो जाती है। उसकी आधी अवधि में ₹5000 कितने हो जायेंगे?
(a) ₹ 15000 (b) ₹ 35000 (c) ₹ 5000 (d) ₹ 25000

**102.** राम जिस काम को 8 दिनों में करता है रावण उसी काम को 10 दिनों में करता है। अगर वो दोनों मिलकर उस काम को तीन दिनों तक करते हैं, तो काम के बचे हुए भाग को ज्ञात करें।
(a) 11/40 (b) 13/40 (c) 23/40 (d) 27/40

**103.** 500 लोग एक हाउसिंग सोसायटी में रहते हैं। उनकी औसत उम्र 30 वर्ष है। 125 लोग छुट्टियों के दौरान शहर से बाहर जाते हैं, जिससे शेष लोगों की औसत उम्र दो वर्ष बढ़ जाती है। छुट्टियों में बाहर गए लोगों की औसत उम्र क्या होगी?
(a) 22 वर्ष (b) 24 वर्ष (c) 20 वर्ष (d) 26 वर्ष

**104.** चार लोगों सचिन, सौरव, युवराज, और धोनी में, एक काम करने के लिए सचिन सौरव से तीन गुना अधिक समय लेता है। उसी काम को पूरा करने के लिए सौरव युवराज से तीन गुना समय लेता है और युवराज धोनी से तीन गुना समय लेता है। चार लोगों में से तीन लोगों का समूह उस काम को 13 दिनों में पूरा कर सकता है, जबकि तीन लोगों का दूसरा समूह उसी काम को 31 दिनों में कर सकता है।
वह कौन-सा समूह है जो काम पूरा करने में 13 दिन लेता है?
(a) सचिन, युवराज और धोनी (b) सचिन, सौरव और धोनी
(c) सचिन, सौरव और युवराज (d) सौरव, युवराज और धोनी

**105.** अगर $p/q = 1/3$, $q/r = 2$, $r/s = 1/2$, $s/t = 3$ और $t/u = 1/4$ है, तो $[pqr/str]^3$ का मान क्या होगा?
(a) 27/512 (b) 100/216
(c) 125/512 (d) 216/343

**106.** 250 मीटर लम्बी एक ट्रेन 10 किमी/घण्टा की गति से उसी दिशा में चलते हुए एक व्यक्ति को 20 सेकण्ड में पार करती है। ट्रेन की गति ज्ञात करें।
(a) 55 किमी/घण्टा (b) 45 किमी/घण्टा
(c) 50 किमी/घण्टा (d) 60 किमी/घण्टा

**107.** बेला ने $ 1450 मूल्य की एक पेंटिंग 10% लाभ पर टेडी को बेची। टेडी ने 10% नुकसान पर उसे बेनी को बेच दिया। अगर बेनी उसी मूल्य पर वह पेंटिंग बेला से खरीदता जिस मूल्य पर उसने वह टेडी से खरीदी है, तो बेला का लाभ या हानि प्रतिशत कितना होता?
(a) 1% लाभ (b) 2% लाभ
(c) 2% हानि (d) 1% हानि


**108.** 500 को दो भागों में इस प्रकार विभाजित किया जाता है कि एक भाग का एक तिहाई दूसरे से 72 कम हो। दोनों संख्याओं को ज्ञात करें?
(a) 321, 179 (b) 417, 83
(c) 394, 106 (d) 372, 128

**109.** फरवरी 2006 के अन्तिम बुधवार को क्या तिथि थी?
(a) 29 (b) 22
(c) 21 (d) 18

**110.** $\{(0.06)^2 + (0.12)^2 + (0.18)^2 + (0.24)^2 + (0.30)^2\}$ $\{(0.02)^2 + (0.04)^2\}$ का मान ज्ञात करें।
(a) 9.9 (b) 99.99 (c) 99 (d) 999

**111.** अगर $3\frac{1}{2} + 4\frac{1}{4} + 6\frac{1}{6} + x = 60/2$ है तो $x$ का मान कितना होगा?
(a) 143/12 (b) 163/12 (c) 193/12 (d) 166/12

**112.** आयत $PQRS$ का क्षेत्रफल 36 वर्ग सेमी है। बिन्दु $X$ और $Y$ उन भुजाओं के मध्यबिन्दु हैं जिन पर वे स्थित हैं। $Z$, $PQ$ पर है। $\Delta XYZ$ का क्षेत्रफल ज्ञात करें।




(a) 12 वर्ग सेमी (b) 9 वर्ग सेमी
(c) 14 वर्ग सेमी (d) 6 वर्ग सेमी

**113.** $(0.0579 \times 2.43)/(0.007 \times 17.3 \times 0.8)$ का मान ज्ञात करें।
(a) 1.4522 (b) 1.7234 (c) 1.3798 (d) 2.652

**114.** $\sqrt{2.56} \times \sqrt{24.61} \times \sqrt{24.01}$ का मान ज्ञात करें।
(a) 14.896 (b) 21.21
(c) 18.71 (d) 13.67

**115.** एक डिब्बे में 100 पेच हैं जिनमें से 10 दोषपूर्ण हैं, इनमें से तीन पेच यदृच्छया उठा लिए जाते हैं, तीनों पेचों के दोषरहित होने की प्रायिकता क्या है?
(a) 70.65% (b) 71.65%
(c) 72.65% (d) 74.65%

**116.** एक बुलेट ट्रेन एक प्लेटफार्म और प्लेटफार्म पर खड़े एक व्यक्ति को क्रमशः 55 सेकण्ड और 30 सेकण्ड में पार करती है। अगर बुलेट ट्रेन की गति 198 किमी/घण्टा है, तो प्लेटफार्म की लम्बाई ज्ञात करें?
(a) 1.465 किमी (b) 1.258 किमी
(c) 1.533 किमी (d) 1.375 किमी

**117.** 27 को दो भागों में इस प्रकार विभाजित करें कि पहले भाग का 5 गुना दूसरे भाग का 11 गुना दोनों मिलकर 195 के बराबर हों, तो पहले और दूसरे भाग का अनुपात है
(a) 3 : 2 (b) 17 : 10
(c) 2 : 7 (d) 5 : 4

**118.** टीना ने ₹30000 मूल्य का एक मोबाइल खरीदा है। अगर वह 20% नुकसान पर उसे तान्या को बेचती है, तो तान्या के लिए उसका लागत मूल्य क्या होगा?
(a) ₹ 18000 (b) ₹24000
(c) ₹15000 (d) ₹28000

Adda247
GET IT ON Google Play



**119. एक 100 मीटर की दौड़ में *A*, *D* को 10 मीटर या 1 सेकंड से हराता है। उसी ट्रैक पर दूसरी दौड़ में *A* और *B* एक छोर से समान गति से दौड़ना आरम्भ करते हैं। जबकि *D* विपरीत छोर से दौड़ना आरम्भ करता है। *D* के *B* से मिलने तक *A* ने कितने मीटर की दूरी तय कर ली होगी यदि *D* की गति *B* से 10/9 मीटर/सेकण्ड अधिक है?**

(a) 0.0437 किमी (b) 47 किमी
(c) 0.473 किमी (d) 4.73 किमी

**120. एक टी-शर्ट ₹750 में बेचकर, राठी 25% का मुनाफा कमाता है। अगर बिक्री मूल्य 4% से कम हो जाता है तो मुनाफा कितने प्रतिशत रह जायेगा।**


(a) 25% (b) 50% (c) 20% (d) 10%


# भाग 4 मानसिक अभिरुचि/बुद्धिमत्ता/तार्किक परीक्षण

**121. एक लड़के की ओर इशारा करते हुए, श्रीमती शकीला ने कहा, ''वह मेरे पति के बेटे का बेटा है।'' शकीला का उस लड़के से क्या रिश्ता है?**

(a) नवासी (b) माँ (c) दादी (d) पोता

**122. यदि छायित रेखा पर एक आईना रखा जाता है, तो निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सी दी गई आकृति की सही छवि है?**





(a) (b) (c) (d)

**123. दिए गए विकल्पों में से दूसरे जोड़े के लिए प्रश्नवाचक चिन्ह की जगह उस सापेक्ष शब्द का चुनाव कीजिए जो ठीक पहले जोड़े की तरह एक-दूसरे से सम्बन्धित हो:**

**ताँबा : निकिल : : लाल मणि (रूबी) : ......।**

(a) क्राइरॉन (b) टेलोनाइट (c) अलनिको (d) नीलम

**124. एक विशेष कूट भाषा में 'AOGY' को 'FJLT' की तरह लिखा जाता है। उस कूट भाषा में 'SKIP' को कैसे लिखा जाएगा?**

(a) XFNK (b) WGMJ (c) XGMK (d) YENK

**125. कल्पना दक्षिण की ओर चलना शुरू करती है और थोड़ी देर के बाद अपनी बाईं ओर मुड़ जाती हैं। कुछ दूर चलने के बाद, वह अपनी दाहिनी और मुड़ जाती है और 5 किमी की दूरी तय करती है। वह फिर से अपनी दाहिनी ओर मुड़ जाती है और चलती रहती है। अब वह किस दिशा में जा रही है?**

(a) दक्षिण (b) पश्चिम
(c) उत्तर-पूर्व (d) दक्षिण-पश्चिम

**126. उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए विकल्पों में सबसे अलग है?**

(a) भोपाल (b) राँची (c) रायपुर (d) बिलासपुर

**127. नीचे दिए गए प्रश्न में एक कथन दिया गया है जिसके साथ पूर्वानुमान क्रमांक I और II दिए गए हैं। आपको इस कथन को पूरी तरह सच मानकर दोनों पूर्वानुमानों पर एक साथ विचार करना है और यह तय करना है कि इनमें से कौन-सा पूर्वानुमान दिए गए कथन में अन्तर्निहित है।**

**कथन :** हाल ही में मुम्बई में एक एटीएम में डकैती हुई थी।

**पूर्वानुमान :**

I. मुम्बई में कुछ एटीएम में सुरक्षा में चूक हुई है।
II. एटीएम का उपयोग सुरक्षित नहीं है।

(a) केवल पूर्वानुमान II अन्तर्निहित है
(b) पूर्वानुमान I और पूर्वानुमान II में से कोई भी अन्तर्निहित नहीं है
(c) केवल पूर्वानुमान I अन्तर्निहित है
(d) पूर्वानुमान I और पूर्वानुमान II दोनों अन्तर्निहित हैं

**128. नीचे दिए गए प्रश्न में एक कथन दिया गया है जिसके साथ पूर्वानुमान क्रमांक I और II दिए गए हैं। आपको इस कथन को पूरी तरह सच मानकर दोनों पूर्वानुमानों पर एक साथ विचार करना है और यह तय करना है कि इनमें से कौन-सा पूर्वानुमान कथन में अन्तर्निहित है।**

**कथन :** कैंसर दुनिया भर में मौत का प्रमुख कारण है।

**पूर्वानुमान :**

I. कैंसर का इलाज करने के लिए कोई दवा नहीं है।
II. कैंसर आसानी से ठीक किया जा सकता है।

(a) पूर्वानुमान I और पूर्वानुमान II दोनों अन्तर्निहित हैं
(b) पूर्वानुमान I और पूर्वानुमान II दोनों अन्तर्निहित नहीं हैं
(c) केवल पूर्वानुमान I अन्तर्निहित है
(d) केवल पूर्वानुमान II अन्तर्निहित है

**129. विकल्पों में से एक निम्नलिखित श्रृंखला से मेल नहीं खाता है। उस विकल्प का चयन करें जो मेल नहीं खाता। 11-20, 12-33, 13-48, 14-70, 15-84**

(a) 14-70 (b) 12-33 (c) 11-20 (d) 13-48

**130. निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्नचिह्न के स्थान पर क्या आएगा?**

**? TP, OK, JF, EA**

(a) UY (b) YV (c) XN (d) YU

**131. निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्नचिह्न के स्थान पर क्या आएगा?**

**A, G, M, ? Y**

(a) S (b) P (c) Q (d) U

**132. एक लड़की की ओर इशारा करते हुए मनोज ने कहा कि उसके दादा की पत्नी मेरी पत्नी की सास है। यदि मनोज के कोई भाई-बहन नहीं हैं, तो मनोज का उस लड़की से क्या रिश्ता है?**

(a) बेटा (b) भाई (c) पिता (d) अंकल

**133. गोयल पूर्व की ओर चलना शुरू करता है ओर थोड़ी देर के बाद अपनी बाईं ओ मुड़ जाता है। कुछ दूर चलने के बाद वह फिर से अपनी बाईं ओर मुड़ जाता है। अब उसका मुँह किस दिशा में है?**

(a) पश्चिम (b) उत्तर (c) पूर्व (d) दक्षिण

**134. *N*, *P* की माँ है जो *O* की पत्नी है। *S*, *M* का इकलौता बेटा है। यदि *O*, *M* का दामाद है, तो *M* का *N* से क्या रिश्ता है?**


(a) पति (b) भाई (c) पत्नी (d) ससुर

Adda247
GET IT ON Google Play



**135. उस विकल्प का चयन करें दिए गए विकल्पों में सबसे अलग है?**
(a) बुंडेस्टैग (b) क्रेमलिन
(c) राष्ट्रपति भवन (d) वाइट हाउस

**136. निम्नलिखित आकृतियों में कौन-सी फूल, पंखुड़ी, परागकोश के बीच सम्बन्ध को दर्शाती है?**




(a) (b) (c) (d)


**137. एक खास कूट भाषा में, 'STATE' को '65' लिखा जाता है। उस कूट भाषा में 'CHILD' कैसे लिखा जाएगा?**
(a) 40 (b) 25 (c) 36 (d) 49

**138. नीचे दिया गया प्रश्न दो कथनों I और II से मिलकर बना है। आपको यह बताना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारियाँ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं। दोनों कथनों को पढ़ें और सही उत्तर का चयन करें।**

**प्रश्न :** वरुण, जो कि अपनी पत्नी वर्षा से बड़ा है, की वर्तमान आयु क्या है?
I. वर्षा की वर्तमान आयु, उसके बच्चे गोकुल की वर्तमान आयु से तीन गुना है।
II. वर्षा के पति की आयु, वर्षा की वर्तमान आयु और गोकुल की वर्तमान आयु के बीच के अन्तर की दोगुनी है।
(a) कथन I में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है
(b) कथन II में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है
(c) कथन I और II दोनों में दी गई जानकारियाँ मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं
(d) कथन I और II दोनों में दी गई जानकारियाँ मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है

**139. यदि छायित रेखा पर एक आईना रखा जाता है, तो निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सी दी गई आकृति की सही छवि है?**






(a) (b) (c) (d)

**140. सुमित्रा अपने घर से चलना शुरू करती है और 7 किलोमीटर दक्षिण की ओर चलती है। फिर वह लगातार चार बार बाईं ओर मुड़ती है और हर बार 3 किमी चलती है। अब उसका मुँह किस दिशा में है?**
(a) पश्चिम (b) उत्तर (c) पूर्व (d) दक्षिण

**141. यदि छायित रेखा पर एक आईना रखा जाता है, तो निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सी दी गई आकृति की सही छवि है?**



(a) (b) (c) (d)

**142. नीचे दिया गया प्रश्न दो कथनों I और II से मिलकर बना है। आपको यह बताना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारियाँ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं। दोनों कथनों को पढ़ें और सही उत्तर का चयन करें।**

**प्रश्न :** विनय, कार्थी और महेश की आयु का योगफल क्या है?
I. महेश और विनय की आयु का अनुपात 5 : 2 है।
II. विनय और कार्थी की आयु का अनुपात 6 : 5 है और कार्थी की उम्र 25 है।
(a) कथन I में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है
(b) कथन I और II दोनों में दी गई जानकारियाँ मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं
(c) कथन I और II दोनों में दी गई जानकारियाँ मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
(d) कथन II में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।

**143. एक खास कूट भाषा में, 'SOLUTION' को 'WNQUPQKV' लिखा जाता है। उस कूट भाषा में 'ASSEMBLE' कैसे लिखा जाएगा?**
(a) GUUGCNDO (b) GUVGCDNO
(c) GUUCGNDO (d) GUVCGDNO

**144. उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए विकल्पों में सबसे अलग है?**
(a) जिराफ (b) कुत्ता (c) तेंदुआ (d) भेड़िया

**निर्देश** (प्र.सं. 145-147) : नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर देने के लिए निम्नलिखित जानकारी पढ़ें।

एक सगंठन में आईटी अधिकारियों के चयन के लिए निम्नलिखित शर्तें हैं। उम्मीदवार को/के पास
I. न्यूनतम 65% अंकों के साथ एक इंजीनियर (या) मास्टर ऑफ कम्प्यूटर एप्लिकेशन्स (एमसीए) होना चाहिए।
II. 2 साल का अनुभव होना चाहिए।
III. चयन की परीक्षा कम से कम 50% अंकों के साथ पास की होना चाहिए।
IV. 1.6.2016 को 25 से कम और 30 वर्ष की आयु से अधिक का नहीं होना चाहिए।

लेकिन, यदि कोई उम्मीदवार सभी उपरोक्त मानदण्डों को पूरा करता है, सिवाय
A. II उपर्युक्त के, लेकिन उसने इंजीनियरिंग और चयन परीक्षा दोनों में 70% या उससे अधिक अंक हासिल किए हैं, तो उसके मामले को प्रबन्ध निदेशक को भेजा जा सकता है।
B. IV उपर्युक्त के, लेकिन कम से कम 5 वर्ष का अनुभव है, तो उसके मामले को संगठन के प्रभाग प्रमुख को भेजा जा सकता है।

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play



**145. इस मामले में क्या निर्णय लिया जाना है?**
**अरुंधति एक कम्प्यूटर इंजीनियर है और उसका जन्म 23 दिसम्बर, 1992 को हुआ था। उसने 65% के साथ चयन परीक्षा पास की है और उसे 3 वर्षों का अनुभव है।**
(a) उम्मीदवार के मामले को संगठन के प्रभाग प्रमुख/प्रबन्ध निदेशक को भेजा जाना है
(b) उम्मीदवार का चयन नहीं किया जाना है
(c) उम्मीदवार का चयन किया जाना है
(d) जानकारी अपर्याप्त है

**146. इस मामले में क्या निर्णय लिया जाना है?**
**अधिया जोशी ने 60% अंकों के साथ एमसीए किया है। उसकी उम्र 34 वर्ष है और उसे 5 वर्षों का अनुभव है उसने 80% अंकों के साथ चयन परीक्षा पास की है।**
(a) उम्मीदवार के मामले को संगठन के प्रभाग प्रमुख/प्रबन्ध निदेशक को भेजा जाना है
(b) उम्मीदवार का चयन नहीं किया जाना है
(c) जानकारी अपर्याप्त है
(d) उम्मीदवार का चयन किया जाना है

**147. इस मामले में क्या निर्णय लिया जाना है?**
**रवि शर्मा, कुल 75% के साथ बीई आईटी स्नातक है। उसकी आयु 35 वर्ष है। उसे सम्बन्धित क्षेत्र में 7 वर्षों का अनुभव है और चयन परीक्षा 70% के साथ पास की है।**
(a) उम्मीदवार के मामले को संगठन के प्रभाग प्रमुख/प्रबन्ध निदेशक को भेजा जाना है
(b) उम्मीदवार का चयन नहीं किया जाना है
(c) उम्मीदवार का चयन किया जाना है
(d) जानकारी अपर्याप्त है

**148. निम्नलिखित कथन पढ़ें और उत्तर दें कि निम्नलिखित तर्कों में से कौन-सा मजबूत हैं?**
**कथन :** रेबीज सम्बन्धित मौत को खत्म करने के लिए क्या सभी आवारा कुत्तों को सुखमृत्यु देनी चाहिए।
**तर्क :**
I. हाँ, आवारा कुत्ते, विशेष रूप से भारत में, लोगों के लिए बहुत बड़ा खतरा हैं। हर साल विश्व में रेबीज से होने वाली मौतों में से 36% अकेले भारत में होती हैं।
II. नहीं, उन्हें मारा नहीं जा सकता। यह लोगों पर निर्भर है कि वे खुद अपने आपको इस तरह के हमले से बचाएँ।
(a) तर्क I और तर्क II दोनों में से कोई भी मजबूत नहीं है
(b) केवल तर्क I मजबूत है
(c) केवल तर्क II मजबूत है
(d) तर्क I और तर्क II दोनों मजबूत हैं

**149. निम्नलिखित कथन पढ़ें और उत्तर दें कि निम्नलिखित तर्कों में से कौन-सा मजबूत हैं?**
**कथन :** क्या आईएएस अधिकारी के वेतन में 100% की वृद्धि की जानी चाहिए?
**तर्क :**
I. हाँ, इससे नौकरी के लिए अधिक उम्मीदवार आकर्षित होंगे।
II. नहीं, उनका मौजूदा वेतन और भत्ता उनके लिए पर्याप्त है।
(a) केवल तर्क II मजबूत है
(b) तर्क I और तर्क II दोनों मजबूत हैं
(c) तर्क I और तर्क II दोनों में से कोई भी मजबूत नहीं है
(d) केवल तर्क I मजबूत है

**150. दिए गए विकल्पों में से दूसरे जोड़े के लिए प्रश्नवाचक चिन्ह की जगह उस सापेक्ष संख्या का चुनाव कीजिए जो ठीक पहले जोड़े की संख्या की तरह एक-दूसरे से सम्बन्धित हो:**
**19 : 360 : : 29 : ?**
(a) 810 (b) 840 (c) 740 (d) 570

**151. नीचे दिए गए प्रश्न में तीन कथन दिए गए हैं जिनके साथ दो निष्कर्ष I, II भी दिए गए हैं। उन निष्कर्षों को पढ़ने के बाद बताइए कि कौन-सा निष्कर्ष तर्कसंगत रूप से कथन का अनुसरण करता है।**
**कथन :** कुछ गुलाब खुशबु हैं। सभी खुशबु मिठाई हैं। कोई भी मिठाई ठण्डी नहीं है।
**निष्कर्ष :** I. सभी गुलाब ठण्डी नहीं हैं।
II. कोई भी ठण्डी खुशबु नहीं है।
(a) निष्कर्ष I और निष्कर्ष II दोनों अनुसरण करते हैं
(b) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(c) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(d) निष्कर्ष I और निष्कर्ष II में से कोई भी अनुसरण नहीं करता है

**152. एक चार मंजिला इमारत की अलग-अलग मंजिल पर घड़ी, मोबाइल, मेडिकल और सुपरमार्केट की दुकानें हैं। सबसे नीचे की मंजिल को पहली मंजिल नाम दिया गया है, उसके ऊपर की मंजिल को दूसरी मंजिल और इसके बाद इसी प्रकार ऊपर की मंजिलों को भी। (i) मेडिकल और सुपरमार्केट की दुकानों के बीच दो दुकानें हैं, लेकिन मेडिकल की दुकान सबसे नीचे की मंजिल पर नहीं है। (ii) मोबाइल की दुकान घड़ी की दुकान के ठीक ऊपर है। घड़ी की दुकान की मंजिल के नीचे कौन-सी मंजिल है?**
(a) 1ली मंजिल (b) 3री मंजिल
(c) 2री मंजिल (d) 4थी मंजिल

**153. दिए गए विकल्पों में से एक निम्नलिखित श्रृंखला से मेल नहीं खाता है। उस विकल्प का चयन करें जो मेल नहीं खाता।**
**BDF : IKM : PRT : VXZ**
(a) PRT (b) VXZ (c) BDF (d) IKM

**निर्देश** (प्र.सं. 154-156) : निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

निम्नलिखित इनपुट और उसके पुनर्विन्यास का एक उदाहरण है।
**इनपुट :** go for too through by easy to access at
**चरण I :** access go for too through by easy to at
**चरण II :** access at go for too through by easy to
**चरण III :** access at by go for too through easy to
**चरण IV :** access at by easy go for too through to
**चरण V :** access at by easy for go too through to
**चरण VI :** access at by easy for go through too to
**चरण VII :** access at by easy go for through to too
और चरण VII ऊपर की इनपुट और उसके पुनर्विन्यास का अन्तिम चरण है।

**154. ऊपर के चरणों में पालन किए नियमों के अनुसार, नीचे दिए गए इनपुट के अन्तिम चरण तक पहुँचने के लिए कितने चरणों की आवश्यकता होगी?**
**इनपुट :** ram accessing the office computer through his ID.
(a) IV (b) VII (c) VI (d) V

Adda247
GET IT ON Google Play



**155. ऊपर के चरणों में पालन किए गए नियमों के अनुसार, नीचे दिए गए इनपुट के लिए निम्नलिखित में कौन-सा चरण II होगा?**

**इनपुट :** ram accessing the office computer through his ID.

(a) accessing computer ram the office through his ID.
(b) accessing computer his ram the office through ID.
(c) accessing computer his ID ram the office through
(d) accessing ram the office computer through his ID.

**156. ऊपर के चरणों में पालन किए गए नियमों के अनुसार, नीचे दिए गए इनपुट के लिए निम्नलिखित में कौन-सा चरण IV होगा?**

**इनपुट :** ram accessing the office computer through his ID.

(a) accessing computer ram the office through his ID
(b) accessing ram the office computer through his ID
(c) accessing computer his ram the office through ID
(d) accessing computer his ID ram the office through


**157. नीचे दिया गया प्रश्न दो कथनों I और II से मिलकर बना है। आपको यह बताना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारियाँ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं। दोनों कथनों को पढ़ें और सही उत्तर का चयन करें।**

**प्रश्न :** एक कूट भाषा में 'then' कैसे लिखा जाता है?

I. 'and then go home' को '2 4 6 8' के रूप में लिखा जाता है।
II. 'play then with' को '1 4 '3 के रूप में लिखा जाता है।

(a) कथन I और II दोनों में दी गई जानकारियाँ मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं
(b) कथन I और II दोनों में दी गई जानकारियाँ मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं
(c) कथन II में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है
(d) कथन I में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है

**158. निम्नलिखित आकृतियों में कौन-सी ''जहाज, पाल नौका, वाटरक्राफ्ट'' के बीच सम्बन्ध को दर्शाती हैं?**



(a) (b) (c) (d)

**159. नीचे दिए गए प्रश्न में दो कथन दिए गए हैं जिनके साथ दो निष्कर्ष I, II भी दिए गए हैं। उन निष्कर्षों को पढ़ने के बाद बताइए कि कौन-सा तर्कसंगत रूप से कथन का अनुसरण करता है।**

**कथन :** उपग्रह ग्रहपथ हैं।
चन्द्रमा एक उपग्रह है।

**निष्कर्ष :** I. चन्द्रमा एक उपग्रह नहीं है।
II. चन्द्रमा एक ग्रहपथ है।

(a) निष्कर्ष I और निष्कर्ष II दोनों अनुसरण करते हैं
(b) निष्कर्ष I और निष्कर्ष II में से कोई भी अनुसरण नहीं करता
(c) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(d) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है

**160. यदि '@' के मायने '÷', '$' के मायने '×' और '&' के मायने '=' तो निम्नलिखित में से कौन-सा व्यंजक सही है?**

(a) 6 & 2 $ 3 @ 9
(b) 6 $ 2 @ 3 & 9
(c) 6 $ 2 & 3 @ 9
(d) 6 @ 2 $ 3 & 9

Adda247

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (a) | 2. (a) | 3. (a) | 4. (c) | 5. (c) | 6. (a) | 7. (a) | 8. (c) | 9. (a) | 10. (a) |
| 11. (a) | 12. (d) | 13. (a) | 14. (b) | 15. (a) | 16. (c) | 17. (a) | 18. (b) | 19. (d) | 20. (d) |
| 21. (b) | 22. (b) | 23. (b) | 24. (c) | 25. (c) | 26. (d) | 27. (d) | 28. (a) | 29. (d) | 30. (a) |
| 31. (b) | 32. (c) | 33. (c) | 34. (c) | 35. (c) | 36. (d) | 37. (d) | 38. (c) | 39. (a) | 40. (d) |
| 41. (d) | 42. (b) | 43. (c) | 44. (a) | 45. (b) | 46. (c) | 47. (c) | 48. (b) | 49. (d) | 50. (d) |
| 51. (d) | 52. (c) | 53. (c) | 54. (c) | 55. (d) | 56. (b) | 57. (a) | 58. (a) | 59. (c) | 60. (b) |
| 61. (a) | 62. (b) | 63. (d) | 64. (d) | 65. (c) | 66. (c) | 67. (b) | 68. (a) | 69. (c) | 70. (c) |
| 71. (a) | 72. (a) | 73. (d) | 74. (d) | 75. (a) | 76. (a) | 77. (a) | 78. (b) | 79. (c) | 80. (a) |
| 81. (b) | 82. (c) | 83. (c) | 84. (d) | 85. (b) | 86. (b) | 87. (a) | 88. (a) | 89. (a) | 90. (d) |
| 91. (b) | 92. (d) | 93. (c) | 94. (d) | 95. (b) | 96. (d) | 97. (d) | 98. (d) | 99. (b) | 100. (c) |
| 101. (d) | 102. (b) | 103. (b) | 104. (d) | 105. (a) | 106. (a) | 107. (d) | 108. (a) | 109. (b) | 110. (c) |
| 111. (c) | 112. (b) | 113. (a) | 114. (a) | 115. (c) | 116. (d) | 117. (b) | 118. (b) | 119. (c) | 120. (c) |
| 121. (c) | 122. (b) | 123. (d) | 124. (a) | 125. (b) | 126. (d) | 127. (c) | 128. (c) | 129. (a) | 130. (d) |
| 131. (a) | 132. (c) | 133. (a) | 134. (a) | 135. (a) | 136. (c) | 137. (c) | 138. (c) | 139. (a) | 140. (d) |
| 141. (a) | 142. (b) | 143. (c) | 144. (a) | 145. (b) | 146. (b) | 147. (a) | 148. (c) | 149. (a) | 150. (b) |
| 151. (a) | 152. (a) | 153. (b) | 154. (d) | 155. (a) | 156. (d) | 157. (a) | 158. (a) | 159. (c) | 160. (d) |